रामसुख विश्नोई को मिलेगा दक्षता पदक

नोखा, (कासं)। नोखा उपमंडल के वार्ड नंबर 43 के निवासी उप निरीक्षण रामसुख विश्नोई के केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक के लिए चुना गया है। यह सम्मान उन्हें आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को प्रदान किया जायेगा।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर इस पुरस्कार की घोषणा की थी। रामसुख विश्नोई को यह सम्मान छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी ऑपरेशन 'ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान उनकी उत्कृष्ट दक्षता, अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिया जा रहा है।

उप निरीक्षक रामसुख विश्नोई वर्तमान में सीआरपीएफ की 151वीं बटालियन में बीजापुर, छत्तीसगढ़ में तैनात हैं। ऑपरेशन 'ब्लैक फॉरेस्ट' 21 अप्रैल से 10 मई तक चला था। यह बीजापुर के कोरेगुटालू हिल्स के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सीआरपीएफ द्वारा चलाया गया एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण अभियान था।

इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया और भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए। रामसुख विश्नोई ने इस अभियान में जवानों के बीच रणनीतिक तालमेल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सका। अपने चयन पर उप निरीक्षक रामसुख विश्नोई ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सेवा और समर्पण को इस स्तर पर सम्मान मिलना उनके लिए गौरव की बात है। नोखा के पूर्व विधायक बिहारी लाल विश्नोई ने कहा कि युवा भी देश की सुरक्षा में ऐसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

चार दिन में ओवरलोड के मात्र 13 चालान, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने प्रदेशभर में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए 04 से 18 नवम्बर तक चल रहे सड़क सुरक्षा विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए परिवहन विभाग द्वारा अब तक की गई कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की। सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा 04 से 08 नवम्बर के बीच 4 दिन में ओवरलोड के मात्र 13 और बिना नंबर प्लेट गाड़ियों के मात्र 03 चालान काटने पर जिला कलेक्टर ने आरटीओ अनिल पडंया पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इतने चालान तो कहीं भी खड़े होकर तीन घंटे में काटे जा सकते हैं। अभियान के दौरान अगर प्रोग्रेस कम मिली तो आपके खिलाफ विभाग को लिखित में पत्र भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में जितनी ओवरलोड गाडियां चल रही है अगर दिनभर में 100 चालान काटें, तो भी कम है। जिला कलेक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करने और दिन में व रात में काटे गए चालान की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आईरैड डीआरएम महेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में जहां सबसे ज्यादा एक्सीडेंट हो रहे हैं उनमें जयपुर रोड़ पर रायसर के पास, नौरंगदेसर, सेरूणा, डूंगरगढ़ के पास, नोखा-मुकाम रोड़ शामिल है। जयपुर रोड़ पर खाटू श्याम मंदिर और वैष्णो धाम के आगे बैरिकेडिंग व ड्रम रखने से दुर्घटनाओं में कमी आई है। साथ ही बताया कि आईरैड की मैन एंट्री में पुलिस की पैंडेंसी 300, आरटीओ की 119, पीडब्लयूडी की 30 बताई। जिला कलेक्टर ने इसे 10 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बीडीए के अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर पुलिस के साथ संयुक्त सर्वे कर जयपुर रोड़ पर डूंगर कॉलेज, केवी स्कूल, वैष्णो धाम, खाटूश्याम मंदिर इत्यादि के अलावा विभिन्न कट से पहले स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पीडब्लयूडी एनएच के अधिकारियों को गांवों से कनेक्ट करने वाली रोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने पंडित धर्मकांटा, भुट्टों का चौराहा, राजस्थान पत्रिका के आगे वाली रोड़ को पुलिस जाप्ता के सहयोग से वनवे कर सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने के निर्देश पीडब्लयूडी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने आगामी सात दिन में गंगाशहर में नोखा रोड़ पर रोड़ कट बंद करने, पुलिस विभाग को जिला मुख्यालय पर 04 इंटरसेप्टर से संख्या और बढ़ाने, सभी पुलिस थानों को रिफ्लेक्टर टेप उपलब्ध कराकर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाने, टोल नाकों पर आई चैकअप शिविर लगाने, रोड़ किनारे कीकर काटने को लेकर अभियान चलाने, खारा में एचपीसीएल गोदाम के आगे खड़े ट्रकों को लेकर पैड पार्किंग शुरू करवाने, खाटूश्याम मंदिर के अंदर पार्किंग शुरू करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- **कलेक्टर ने कहा कि जिले में जितनी ओवरलोड गाडियां चल रही है अगर दिनभर में 100 चालान काटें, तो भी कम है**

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित किया।

फर्नीचर व्यापारी से चार लाख की लूट

श्रीगंगानगर,(कासं)। हनुमानगढ़ रोड स्थित चेताली एनक्लेव के सामने फर्नीचर व्यापारी से लाखों की लूट का मामला सामने आया।

व्यापारी शोरूम बंद कर स्कूटी से अपने घर जा रहा था। इस दौरान पीछे से आए बाइक सवार बदमाश व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर पैसों से भरा बैग और लैपटॉप छीनकर भाग गए। बैग में 4 लाख रूपए थे। घटना श्रीगंगानगर के सदर थाना क्षेत्र की है। मनन फर्नीचर के मालिक गुरशरण गोयल ने बताया कि वह शाम के करीब 8 बजे इंद्रा वाटिका स्थित अपना शोरूम बंद कर स्कूटी पर घर जा रहा था।

जैसे ही वह हनुमानगढ़ रोड स्थित चेताली एनक्लेव के सामने अपने घर के नजदीक पहुंचा तो पीछे से आये दो बाइक सवार बदमाशों ने उसकी आंखों में लाल मिर्ची पाउडर डाल दिया। इसके बाद बदमाशों ने व्यापारी से पैसों से भरा बैग व लैपटॉप बैग छीन लिया।

लूट की वारदात देखकर बचाने आए सोनू नाम के युवक व गुरसिमरन पर बदमाशों ने चाकूओं से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। इसके बाद बदमाश शोरूम मालिक से 4 लाख रूपए व लैपटॉप लूटकर भाग गए। घटना में गुरशरण गोयल व सोनू घायल हो गए, जिन्हें आस-पास के लोगों ने श्रीगंगानगर के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नाकाबंदी करवाई गई। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

सार-समाचार

अमरनाथ व्यास का अभिनंदन

जल-वितरण विशेषज्ञ अमरनाथ व्यास का अभिनंदन वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने किया।

बीकानेर, (कासं)। साझी विरासत, बीकानेर के तत्वावधान में जल वितरण विशेषज्ञ अमरनाथ व्यास का अभिनंदन समारोह जोशीवाड़ा स्थित नर्सिंग विला में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार, कवि - कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता खुशाल चंद्र जोशी ने की। मुख्य अतिथि राजेन्द्र जोशी ने कहा कि अमरनाथ व्यास के जल प्रबंधन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान से जल संरक्षण के क्षेत्र में व्यास द्वारा किए गए प्रयास समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत रहे है। खुशालचंद जोशी ने कहा कि अमरनाथ व्यास जैसे व्यक्तित्व समाज में जल-जागरूकता की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अतिथियों ने अमरनाथ व्यास को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और अभिनन्दन भेंट कर अभिनंदन किया। अपने सम्मान के प्रति उत्तर में अमरनाथ व्यास ने जल संरक्षण में समाज की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मोहनलाल जोशी, सुनील पुरोहित, भूर सिंह, सुभाष जोशी, हरिकिशन जोशी, रवि आचार्य, बृजमोहन आचार्य, जे.पी.पुरोहित, रामप्रसाद हर्ष, सहित बड़ी संख्या में साहित्य, समाजसेवा और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में मोहनलाल आचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमरनाथ व्यास जैसे व्यक्तित्व समाज में युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम का संचालन विजय जोशी ने किया।

चरक संहिता शपथ समारोह

चरक संहिता शपथ समारोह को आर.पी.एस.सी. सदस्य डॉ. अशोक कलवार ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज (एसपी मेडिकल कॉलेज) में शनिवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के सदस्य डॉ. अशोक कलवार का स्वागत किया गया। कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा एवं पीबीएम अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया ने उनका स्वागत किया। डॉ. कलवार मेडिकल कॉलेज की एक्सटेंशन बिल्डिंग में आयोजित चरक संहिता शपथ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की निदेशक डॉ. नीति शर्मा, पूर्व निदेशक डॉ. एच.एस. कुमार, डॉ. सुरेंद्र बेनीवाल, डॉ. शंकर लाल जाखड़, डॉ. संदीप गुप्ता और डॉ. पंकज टांटिया ने उनका अभिनंदन किया। फिजियोलॉजी विभाग से डॉ. बी.के. बिनावरा और एनाटॉमी विभाग से डॉ. राकेश मणि, डॉ. जितेन्द्र फलोदिया, डॉ. सिद्धार्थ असवाल, डॉ. हरफूल बिश्नोई ने भी डॉ. कलवार का स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कलवार ने कहा कि राज्य सरकार ने मुझ पर विश्वास जताते हुए आरपीएससी सदस्य बनाया है। इसलिए मेरी कलम हमेशा परीक्षार्थियों के हित में ही चलेगी।

बाजार में देशी के नाम पर पाम ऑयल से बने नकली घी की बिक्री

बीकानेर, (कासं)। बाजार में देशी घी के नाम पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। तेल से भी सस्ता देशी घी बेचा जा रहा है। ऐसे में खरीदारों को खुद तय करना पड़ेगा कि क्या खाएं और क्या नहीं। कुछ दुकानदार पाम ऑयल को देशी घी बताकर खुलेआम बेच रहे हैं।

शहर के कई प्रमुख बाजारों फड़बाजार, केईएम रोड, कोटगेट, बड़ा बाजार और रोशनी घर चौराहे पर एक किलो घी 160 रूपए में बिक रहा है। जबकि यही घी असल में पाम ऑयल से तैयार होता है। हेल्थ विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। दूसरी ओर कुछ दुकानदार 2000 रूपए किलो असली घी बेच रहे हैं। यह खेल इतना संगठित है कि खाद्य विभाग की टीमों की नाक के नीचे हो रहा है। फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दुकानदार पूजा, प्रसूता और बच्चों के उपयोग का हवाला देकर ग्राहकों को भ्रमित कर रहे हैं। इस बीच उरमूल डेयरी और हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने डूंगरगढ़ में संदिग्ध सरस ब्रांड घी के सैंपल लिए हैं। कई दुकानों में देशी घी 160 से 200 रूपए प्रति किलो तक बेचा जा रहा था। जबकि असली देशी घी का बाजार भाव 550 से 700 रूपए प्रति किलो है। टीम ने जब पैकिंग देखी तो पाया कि गत्ते की पैकिंग पर लिखा था, 100 प्रतिशत प्योर देशी घी पर असलियत कुछ और थी।

टिन पर छपा बैच नंबर, निर्माण तिथि और पैकिंग डिटेल गत्ते पर लिखी जानकारी से अलग थी। कुछ पैकिंग्स पर वनस्पति शब्द बहुत छोटे अक्षरों में छिपा मिला।

शुद्ध देशी घी में ब्यूटिरिक एसिड, विटामिन ए, डी, ई तथा के, पाये जाते हैं। जबकि पाम ऑयल मं ये पोषक तत्व नगण्य होते हैं। असली घी ठंडा होने पर दानेदार बनता है, नकली घी चिकना और एक समान रहता है। असली घी जलाने पर हल्की सी खुशबू आती है। जबकि नकली घी से बदबू फैलती है। असली घी का रंग प्राकृतिक हल्का पीला, जबकि नकली का कृत्रिम रूप से गाढ़ा होता है।

- **फड़बाजार, केईएम रोड, कोटगेट, बड़ा बाजार और रोशनी घर चौराहे पर एक किलो घी 160 रूपए में बिक रहा है। जबकि यही घी असल में पाम ऑयल से तैयार होता है। हेल्थ विभाग मूक दर्शक बना हुआ है**

करंट से महिला की मौत

लूणकरनसर, (कासं)। खेत में मोटर बंद करते समय करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। यह घटना दोपहर की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार चक 06 बी.एच.एम कांकड़वाला निवासी देशराज पुत्र रामनारायण बिश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी 33 वर्षीय पत्नी संध्या दोपहर करीब 12 बजे खेत में गाय को पानी पिला रही थी। पशुओं को पानी पिलाने के बाद संध्या ने गीले हाथों से मोटर का स्विच बंद करने का प्रयास किया। खेत में हरा चारा काटने के कारण उनके हाथ और कपड़े गीले थे। इसी दौरान उसे करंट लग गया। करंट लगने से संध्या गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें तुरंत लूणकरनसर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

वार्ड 48 में सड़क कार्य अधूरा छोड़ने से परेशान

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 48 की पंचमुखी हनुमान मन्दिर गली में सड़क निर्माण का कार्य करने वाले ठेकेदार ने पंद्रह दिन पहले जेसीबी से आधी गली में सड़क खोदकर रख दी।

फिर अगले दिन से काम यह कहकर रोक दिया कि आगे किसी घर में शादी है ओर उन्होंने एक दिन काम के लिए आगे सड़क न खोदने के लिए बोला है। इसके बाद आज पंद्रह दिन निकल जाने के बाद भी सड़क बनाई नहीं ओर न यहां से मलबा हटाया। सड़क खोदने के कारण यहां हर रोज दुपहिया वाहन गिर रहे हैं, लोग घायल हो रहे हैं।

मोहल्ले वासियों द्वारा राज्य सरकार द्वारा लगने वाले जन शिविरों में टूटी सड़कें और नालियां बनवाने के लिए डिमांड की गई थी। जिसके अंतर्गत रानी बाजार के बांद्रा बास से लक्की मॉडल स्कूल रोड पर पीडब्लयूडी ओर पंचमुखी हनुमान मंदिर गली में बीडीए द्वारा सड़क निर्माण का कार्य चलाया जा रहा है।

एडवोकेट हनुमान शर्मा ने कलेक्टर एवं बीडीए के अधिकारियों को भी ठेकेदार द्वारा सड़क तोड़कर कार्य अधूरा छोड़ने के बारे में अवगत कराया लेकिन विभाग के मुख्य अभियंता आज कल करके सड़क कार्य को पूरा नहीं करवा रहे है। जिससे मोहल्ले वासियों को खासी परेशानी हो रही है। यदि समय रहते संबंधित ठेकेदार द्वारा इस काम को शुरू नहीं किया जायेगा तो मजबूरन जिला कलेक्टर का घेराव किया जायेगा और सड़क का काम करने वाले ठेकेदार पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

- **सड़क खोदकर मलबा भी नहीं हटाया**

धीरेन्द्र सिंह को कोटगेट थाने की जिम्मेदारी दी

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में एक बार फिर थानाधिकारी बदल गए हैं। जिसमें धीरेन्द्र सिंह को कोटगेट थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं विक्रम तिवाड़ी को जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना सौंपा गया है।

शहर के साथ-साथ गांवों के थानों में भी फेरबदल करते हुए 26 पुलिस निरीक्षकों की लिस्ट जारी की गई है। हाल ही में इंस्पेक्टर के रूप में चयनित पुलिस अधिकारियों को फिर से शहर में जगह दी गई है। सात उप निरीक्षकों के भी ट्रांसफर करके थाने बदले गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि विक्रम तिवाड़ी को पुलिस लाइन से अब जयनारायण व्यास कॉलोनी का थाना प्रभारी बनाया गया है। पिछले दिनों धीरेंद्र सिंह शेखावत को मुक्ता प्रसाद नगर थाने से हटाकर पांचू भेज दिया गया था। अब धीरेंद्र को शहर का सबसे महत्वपूर्ण पुलिस थाना कोटगेट का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सुरेन्द्र पचार को कोटगेट से हटाकर सदर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। सदर थाने के प्रभारी दिगपाल सिंह को अब बीछवाल का जिम्मा दिया गया है। जहां से गोविन्द सिंह चारण को हटाकर अब विशेष शाखा में लगा दिया है। परमेश्वर सुथार को वापस फिर से गंगाशहर थाने का प्रभारी बनाया गया है।

- **फेरबदल कर 26 पुलिस निरीक्षकों को बदला**

जयपुर रोड पर अतिक्रमण हटाया

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से शनिवार को दोपहर में जयपुर रोड से अतिक्रमण हटाये गए।

इस दौरान अवैध निर्माण, दुकानों के आगे के अतिक्रमण और सड़क किनारे बनी थडियों को जेसीबी मशीनों और पुलिस बल की मदद से हटाया गया। ऋषिराज आचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार रोड सेफ्टी को देखते हुए अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई शनिवार से शुरू हुई जिसमें उदासर चौराहे से लेकर म्यूजियम चौराहे तक कार्रवाई होगी। अवैध अतिक्रमण की वजह से किसी को कोई परेशानी नहीं हो इस वजह से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही है। अतिक्रमण को देखते हुए लोग अपनी दुकान के बाहर पड़े सामान को उठाकर अंदर ले गए।

प्रस्तावित नहरबंदी को देखते हुए गेहूं की बुवाई कम होने की आशंका

श्रीगंगानगर, (कासं)। इन दिनों गेहूं का बुवाई शुरू हो चुकी है। श्रीगंगानगर जिले में प्रत्येक वर्ष 2.20 लाख हैक्टेयर में औसत बुवाई होती है, लेकिन प्रस्तावित नहरबंदी को देखते हुए इस बार जिले में गेहूं की बुवाई का ग्राफ औसत से कम रहने की आशंका है।

कृषि विभाग के अधिकारी भी कृषि गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को गेहूं की बुवाई सिंचाई पानी की उपलब्धता देखते हुए ही करने की सलाह दे रहे हैं। जिले में गत वर्ष 218556 हैक्टेयर में गेहूं की बुवाई हुई थी। जबकि गेहूं की बुवाई का लक्ष्य 2.40 लाख था। इस बार सरकार ने जिले में गेहूं की बुवाई के लक्ष्य में बढ़ोतरी करते हुए इस बार 2.60 लाख हैक्टेयर रखा है। लेकिन पंजाब में फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए जनवरी व नहरों के रखरखाव के लिए अप्रैल में नहरबंदी प्रस्तावित है।

जनवरी में गेहूं फसल की बढ़वार व अच्छे पकाव के लिए सिंचाई पानी की जरूरत रहती है। कृषि विभाग के अधिकारी भी किसानों को कृषि गोष्ठियों के माध्यम से रबी सीजन में सिंचाई पानी की उपलब्धता के अनुसार ही गेहूं की बुवाई करने की सलाह दे रहे हैं। गेहूं फसल को बुवाई से लेकर पकाव तक 6 से 7 सिंचाई सुविधाओं की आवश्यकता रहती है।

डॉ. सतीश शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि श्रीगंगानगर का कहना है कि किसानों को सिंचाई पानी की उपलब्धता के अनुसार ही गेहूं की बुवाई करने व कम सिंचाई पानी में पकने वाली फसलों की बुवाई अधिक करने की सलाह दी जा रही है। ऐसे में इस बार जौ का बुवाई गत वर्ष से भी अधिक होने की संभावना बन रही है। जिले में अब तक 4 हजार हैक्टेयर के आसपास गेहूं की बुवाई हो चुकी है।

- **कृषि गोष्ठियों से सिंचाई पानी की उपलब्धता के अनुसार ही गेहूं की बुवाई करने की सलाह दे रहे हैं**

बीकानेर के लोग दुनियां भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं : मेघवाल

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि देश और दुनियां में बड़ी उपलब्धियों से बीकानेर का नाम रोशन करने वाले प्रवासी नागरिकों के सम्मान की परम्परा अनुकरणीय है। यह प्रवासी बीकानेरियों को उनकी जड़ों से जोड़े रखेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणादायी भी होगा।

मेघवाल ने सर्किट हाउस में निर्विकल्प फाउंडेशन द्वारा 28 दिसम्बर को होने वाले चौथे बीकानेर गौरव अवॉर्ड के लोगो के विमोचन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि बीकानेर के जाए-जन्मे लोग दुनियां भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्हें अपने घर में बेहतर सम्मान मिले और इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने वाले युवा, इनसे प्रेरणा ले सकें। इसके मद्देनजर यह कार्यक्रम बेहद सार्थक साबित होगा। उन्होंने कहा कि निर्विकल्प फाउंडेशन का यह प्रयास भी अब बेहतर पहचान बना चुका है। फाउंडेशन के निदेशक डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली ने बताया कि निर्विकल्प फाउंडेशन अब तक तीन कार्यक्रमों में लगभग पचास प्रवासी बीकानेर वासियों का सम्मान किया जा चुका है। ये वर्तमान में भारत के अलग-अलग शहरों सहित दुनियां के कई देशों में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार भी शिक्षा, चिकित्सा, खेल, प्रशासनिक सेवाएं, खेल और उद्यम सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वालों की चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस दौरान निर्विकल्प फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य सीए सोहनलाल बैद, विनोद बाफना, डॉ. शरद दत्ता आचार्य, रितु मित्तल, भारतभूषण गर्ग, अनुज मित्तल ने मेघवाल को शॉल, बुके, उपरणा, ब्रोशर, स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।

समारोह में आईटी एक्सपर्ट मिथेष खत्री, महारानी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा, डॉ. अमित व्यास, अरूण व्यास, डॉ. एस.पी. जोशी, विनोद मोदी आदि मौजूद थे।

निर्विकल्प फाउंडेशन द्वारा 28 दिसम्बर को होने वाले चौथे बीकानेर गौरव अवॉर्ड के लोगो का केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने विमोचन किया।

- **बीकानेर गौरव अवॉर्ड के लोगो का विमोचन**

बीकाजी यूनिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र विधायक जेठानंद व्यास ने शनिवार को अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के यूथ विंग द्वारा रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित 360 टर्फ में आयोजित हो रहे पहले बीकाजी यूनिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का अवलोकन किया।

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए कृत संकल्प है तथा खिलाड़ियों के लिए सभी आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। लीग मुकाबलों का समापन शनिवार को हुआ। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले रविवार सायं 5 बजे से खेले जायेंगे। सह संयोजक किशन अग्रवाल ने बताया कि अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे तथा विजेता टीम को एक लाख एक हजार एवं उपविजेता को इक्यावन हजार सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : भू.वि./2025-26/ **उजरदायरी** दिनांक : 27-10-2025

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की सुदभावना नगर योजना में आवंटित भूखण्ड संख्या 3-ई-11 माप 30'-0" गुणा 64'-0" फीट को श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी श्री बख्शीस सिंह को आवंटित किया जाकर दिनांक 19.08.2015 को पट्टा जारी किया गया। श्रीमती अमरजीत कौर पत्नी बख्शीस सिंह की मृत्यु दिनांक 19.05.2021 को हो चुकी है, जिनके वारिस प्रमाण पत्र के अनुसार चार वारिस दर्शाए गए हैं 1. श्री बख्शीस सिंह (पति), 2. सुश्री प्रनेन्द्र कौर (पुत्री), 3. सुश्री दिलराज कौर (पुत्री) एवं 4. श्री सुखजीत सिंह (पुत्र) उक्त वारिसानों के द्वारा श्री सुखजीत सिंह पुत्र श्री बख्शीस सिंह के नाम से जरिये पंजीकृत दस्तबदौयरी दिनांक 03.09.2025 के अनुसार अपना हिस्सा श्री सुखजीत सिंह पुत्र श्री बख्शीस के हक में कर दिया। आवेदक श्री सुखजीत सिंह पुत्र श्री बख्शीस सिंह निवासी चक 16 पीएस तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर द्वारा मृत्यु प्रमीण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, पंजीकृत दस्तावेज बैयनामा व पंजीकृत दस्तबदायरी की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदायरी साधा करते हुए हर आमो व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के वारिसान/वसीयत के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबूत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री सुखजीत सिंह पुत्र श्री बख्शीस सिंह निवासी चक 16 पीएस तहसील रायसिंहनगर के नाम से कर दिया जावेगा।

RajKaj Ref No.: 18455686 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025-26/RajKaj Ref No.: 18644108 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 7-11-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 22 में भूखण्ड माप 11'-0" गुणा 35'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदका **श्रीमती पूनम देवी पत्नी स्व. श्री मान सिंह निवासी मकान नं. 88, गली नं. 02, रामदेव कॉलोनी, चक 5 ई छोटी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 (नियमन शाखा) में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदका **श्रीमती पूनम देवी पत्नी स्व. श्री मान सिंह निवासी मकान नं. 88, गली नं. 02, रामदेव कॉलोनी, चक 5 ई छोटी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 22 में भूखण्ड माप 11'-0" गुणा 35'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

-सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/4484 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 07/11/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 4 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 50' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री गिरधारी पुत्र श्री मिरीमल छिप्पा निवासी मकान नं. 55 ब्लॉक तीसरा पुरानी आबादी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री गिरधारी पुत्र श्री मिरीमल छिप्पा निवासी मकान नं. 55 ब्लॉक तीसरा पुरानी आबादी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 4 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 50' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/4483 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 07/11/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 4 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 50' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री राजेश कुमार छिप्पा पुत्र श्री मिरीमल छिप्पा निवासी मकान नं. 55 ब्लॉक तीसरा पुरानी आबादी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत